

एक नजर में

## प्री-प्लेसमेंट ड्राइव में 19 युवाओं का चयन

**धार,** । प्रशिक्षण एवं नियोजन अधिकारी श्री जितेन्द्र सिंह बदनोरा ने बताया शासकीय आईटीआई धार में शुक्रवार को प्री-प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया। जिसमे हेटिक इंडिया लिमिटेड पीथमपुर से आए एच आर मैनेजर श्री हेनरी बास्टिन द्वारा 19 युवाओं का साक्षात्कार के माध्यम से स्थायी पद वेतन 15000 हजार रुपए प्रतिमाह हेतु चयन किया गया । उल्लेखनीय है कि प्री-प्लेसमेंट ड्राइव में संस्था के अंतिम वर्ष के प्रशिक्षणरत प्रशिक्षनार्थियों को पढाई के साथ ही स्थायी रोजगार मिल गया है। संस्था के प्रभारी प्राचार्य श्री अनिल कुमार राजोरिया ने चयनित युवाओ को नियुक्ति पत्र प्रदान किये एवं उज्जवल भविष्य की कामना की। प्लेसमेंट ड्राइव मे सतीश डोडिया, श्री भंवरसिंह मलैया, प्रिया दाभोलकर, श्री अनूप सिंगार, श्री जगदीश मौर्य, श्री विजय बैगा, श्री दर्शन सूर्यवंशी, श्रीमती प्रियंका दुबे, श्री हरिओम अहिरवार, श्री संतोष साकेत, श्री अशरफ हुसैन, श्री सतीश विश्वकर्मा, श्री कृष्णा राजपूत, श्री योगेन्द्र सोलंकी, श्री पूनमचंद कनेल, श्री दिनेश अहिरवार आदि उपस्थित थे ।

## दुधारू पशु प्रतियोगिता में विजेता पशुपालकों को किया सम्मानित






**धार.** मध्यप्रदेश पशुपालन एवं डेयरी विभाग गोपाल द्वारा आयोजित प्रदेश की मूल गौवशीय नस्ल एवं भारतीय नस्ल की दुधारू पशुओं की प्रतियोगिता 2 अप्रैल से 8 अप्रैल 2025 तक आयोजित की गई थी। जिसमें जिले के प्रदेश की मुल गौवशीय नस्ल की दुधारू गाय का प्रथम पुरस्कार विकासखंड निसरपुर के प्रदीप रामेश्वर पाटीदार, द्वितिय पुरस्कार विकासखंड कुक्षी के प्रकाश हीरालाल भायल एवं तृतीय पुरस्कार विकासखंड धरमपुरी के जितेन्द्र राधेश्याम को मिला। इसी प्रकार भारतीय उन्नत नस्ल की दुधारू गाय का प्रथम पुरस्कार विकासखंड धार केमोहनसिंह रतनसिंह, द्वितिय पुरस्कार विकासखंड निसरपुरके कपिल किशोर दीक्षित एवं तृतीय पुरस्कार विकासखंड मनावर के नरेश कैलाश धनगर को शुक्रवार को कृषि विज्ञान केन्द्र धार में उप संचालक पशुपालन चिकित्सा सेवाएं डॉ. राकेशसिंह सिसोदिया एवं उप संचालक कृषि विज्ञान केन्द्र धार द्वारा पुरस्कार वितरण किये गये। साथ ही उप संचालक द्वारा 100 पौधे पशु मालिकों को वितरण करते हुए विभागीय योजनाओं के बारे में विस्तार से अवगत कराया गया एवं 50 पौधे कृषि विज्ञान केन्द्र धार में लगाये गये।

## धार-महू लोकसभा क्षेत्र में 650 सड़कों को मिली केंद्र की स्वीकृति



**धार।** केंद्रीय राज्यमंत्री एवं धार - महू लोकसभा क्षेत्र सांसद सावित्री ठाकुर के विशेष प्रयासों से धार महू लोकसभा क्षेत्र की लगभग 650 सड़कों की स्वीकृति केंद्र सरकार द्वारा प्रदान की गई है। उक्त सड़कों की स्वीकृति किए जाने पर ठाकुर ने माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदीएवं मध्य प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव का लोकसभा क्षेत्र की जनता की ओर से आभार व्यक्त किया है। करोडों रुपयों की लागत से बनने वाली यह सड़कें दूर दराज के गांवों को मुख्य सड़क मार्ग से जोड़ने का कार्य करेंगे जिससे वहां आवागमन तो सुलभ होगा ही इसके साथ ही रोजगार के अवसरों में भी बढ़ोतरी होगी। यहां उल्लेखनीय की प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना केंद्र सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं में से एक है जिसके अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों को यातायात सुलभता हेतु सड़क मार्गों से जोड़ा जाता है और इसका फंड केंद्र सरकार द्वारा अलग से जारी किया जाता है।लोकसभा क्षेत्र के दूर दराज स्थित आदिवासी क्षेत्रों के मुजरे टोलों को भी भविष्य में पक्की सड़कों से जोड़ा जाएगा इस हेतु श्रीमती ठाकुर ने प्रस्ताव आमंत्रित किए हैं। श्रीमती ठाकुर लोक सभा क्षेत्र के चौमुखी विकास हेतु निरंतर कार्य कर रही हैं इसी के अंतर्गत आपने जनवरी माह वर्ष 2025 में ही प्रधानमंत्री सड़क योजना से संबंधित समस्त अधिकारियों को लोकसभा क्षेत्र के कार्यकर्ताओं सरपंचों मंडल अध्यक्षों आदि के साथ एक कार्यक्रम आयोजित किया जाकर समस्त जानकारी से अवगत करवाया था।

## नवांकुर सखी यात्रा निकली, महिलाओं को वितरित किए पौधे

**कुक्षी।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद् के तहत दृश्यम संस्था पिपल्या द्वारा




नवांकुर सखी कार्यक्रम का आयोजन जुलाई ग्राम पिपल्या आंगनवाड़ी केंद्र पर किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां अंबिका मंदिर से कलश यात्रा के साथ हुआ। उसके पश्चात आंगनवाड़ी केंद्र 3 में सभा का आयोजन किया गया। सभा में मुख्य अतिथि के रूप में जनपद सदस्य महेश पाटीदार,विशिष्ट अथिति समाजसेवी रतन चोंगडे,कार्यक्रम की अध्यक्षता सरपंच अनीता लोकेश नें की. सभा का शुभारंभ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर पूजन अर्चन से किया गया ।पश्चात अतिथियों का स्वागत आंगनवाड़ी कार्यकर्ता मनीषा पाटीदार, रेखा शिंदे, ललिता शिंदे, चंदा वास्केल सहायिका निर्मला ज्वाले द्वारा स्वागत गीत के साथ किया ।परामर्शदाता लोकेश पाटीदार द्वारा नवांकुर सखी कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी देते हुए पर्यावरण संरक्षण की बात कही .महेश पाटीदार नें जन अभियान परिषद द्वारा प्रत्येक विकासखंड में 500 महिलाओं को 11-11 बीज रोपित पौधे की थैलियां दी जा रही है मातृ शक्ति को इन बीजों को बड़ा करके पौधे बनाना है और उन्हें अपने आसपास की जगह शुभ अवसरों पर इन्हें रोपित करवाना है। रतन चोंगडे नें एक पौधा मां के नाम के बारे में विस्तृत जानकारी दी. सरपंच कहा इस कार्यक्रम का मुख्य आधार मातृ शक्ति है जिस प्रकार एक मां अपने बच्चे को बड़ा करती है उसी प्रकार इन बीजों को भी हमें बड़ा करके पौधे का रूप देना है। ब्लॉक समन्वयक आइडिया द्वारा समस्त महिलाओं को जन अभियान परिषद से जुड़कर समाज सेवा के कार्य करने के लिए प्रेरित किया। दृश्यम संस्था से भूपेंद्र पाटीदार द्वारा संस्था के कार्यों की जानकारी दी ।इस मौके पर नवांकुर लोनी से रमेश पाटीदार, नवांकुर करौंदिया से योगेश मंडलोई, नवांकुर नवादपुरा से पारस ब?ि, पूर्व सरपंच रामली बाई पांचाल,जन अभियान परिषद के उदयसिंह आइडिया, दृश्यम एज्युकेशन एवं सोशल वेलफेयर सोसायटी के भूपेंद्र पाटीदार भाजपा मीडिया प्रभारी देवेंद्र पाटीदार,आंगनवाड़ी सहायिका एवं ग्राम जन मौजूद थे।





# कारगिल विजय दिवसर पर केन्द्रीय विद्यालय में पौधारोपण

**धार. केन्द्रीय विद्यालय, धार के प्रांगण में आज एक अत्यंत प्रेरणादायक और पर्यावरण-हितैषी पौधारोपण अभियान का आयोजन किया गया। यह विशेष कार्यक्रम विद्यालय की छात्रा अस्मिता एवं समृद्धि गौड़ के पिताजी ने उनके बड़े भैया स्व लोकेश डांगुर ( गौड़ ) की पुण्यतिथि और कारगिल विजय दिवस के अवसर पर आयोजित किया, जिसका उद्देश्य प्रकृति के प्रति प्रेम और पौधों के महत्व को बढ़ावा देना था।**

इस अवसर पर परिजनों ने विद्यालय को अमरूद, जामुन, सीताफल, आँवला, कनेर, गु?हल और मोगरा सहित कई अन्य प्रकार के पौधे दान किए। इन पौधों को विद्यालय परिसर में लगाने के लिए कक्षा 1 से 6 तक के छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर प्रिशा, श्रेष्ठा , आराध्या खुशाली, वर्णित, परितोष, युक्ति, जैसे छात्रों ने इस अभियान में सक्रिय भूमिका निभाई।

कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्राचार्य श्री नीरज अस्थाना ने किया, जिन्होंने विद्यार्थीयो की सहयोग से पहला पौधा रोपित कर विद्यार्थियों को वृक्षों का महत्व ओर मानव जीवन पर प्रभाव को समझाते हुए इनकी देखभाल के लिए प्रेरित किया। इस पौधारोपण में प्रधानाध्यापिका दीपशीखा कुमावत, वरिष्ठतम शिक्षिका अर्चना शर्मा, श्री प्रजापति कैलाश राम और अन्य शिक्षकों ने भी छात्रों के साथ मिलकर सहयोग किया। सभी ने मिलकर पौधे लगाए और इन पौधों के संरक्षण का संकल्प लिया । इस आयोजन के माध्यम से छात्रों को पौधों के नाम, गुण , महत्व और वृक्षारोपण की प्रक्रिया के बारे में जानने का अवसर मिला। यह अभियान छात्रों में पौधों और प्रकृति की देखभाल तथा उनके प्रति प्रेम जैसे महत्वपूर्ण मूल्यों को विकसित करने में अत्यंत सहायक सिद्ध हुआ। इस पहल ने न केवल विद्यालय परिसर को हरा-भरा बनाया, बल्कि भावी पीढ़ियों में पर्यावरण संरक्षण की भावना भी जगाई। इस कार्यक्रम में हिन्द शक्ति संस्था सदस्य केशव पाटीदार, दिनेश चौहान, राकेश दामके आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम की जानकारी पी एम श्री के. विद्यालय के शिक्षक अभिषेक कुमार ने दी।



# भागवत कथा के चौथे दिन मनाया श्रीकृष्ण जन्मोत्सव, उमड़ा जनसैलाब

**भगवान की भक्ति में नाचने से जीवन धन्य होता है,क्लबों में नाचने से नहीं : महंत डॉ प्रज्ञा भारती**



**नागदा।** सौन्दर्य प्रसाधन से नहीं ईश्वर की भक्ति करने से शरीर की सुन्दरता बढ़ती है। जीवन की सार्थकता मर्यादित,सात्विक जीवन जीकर ईश्वर की भक्ति करने में है। भागवत प्राप्ति व भक्ति की सीमा निर्धारित नहीं है। झुठ,छल,कपट,पाखंड से बचकर ईश्वर की भक्ति करते रहो। भगवान की भक्ति में नाचने से जीवन धन्य होता है, बड़े बड़े क्लबों में नाचने से नहीं। उक्त प्रेरक बात समीप ग्राम तलाई के श्री रामदेव मंदिर में आयोजित सप्त दिवसीय संगीतमय भागवत कथा के चौथे दिन कथा प्रवक्ता पूज्या साध्वी महंत डॉ प्रज्ञा भारती ने कहीं। उन्होंने कहा कि घर में बहु कार वाली नहीं संस्कार वाली लेकर आओ कार वाली बहु घर मे सरकार चलाएगी,संस्कार वाली बहु घर को स्वर्ग बनाएगी। उन्होंने दहेज मुक्त विवाह का संकल्प दिलाया। राम-कृष्ण मे थोड़ा सा अन्तर बताते हुए कहा कि राम के नेत्र गंभीर है, कृष्ण के नेत्र चंचल है। राम मर्यादा पुरुषोत्तम हैं,तो श्रीकृष्ण लीला पुरुषोत्तम हैं। कथा प्रवक्ता पूज्या साध्वी महंत डॉ प्रज्ञा भारती ने भागवत कथा के चौथे दिन श्रीकृष्ण की लीलाओं का वर्णन किया। साथ ही कृष्ण जन्मोत्सव मनाया गया। कथा पांडाल को दुल्हन की तरह सज्जित किया गया। जन्मोत्सव से पूर्व नन्दजी के रूप में श्रंगारित पंकज पांचाल श्रीकृष्ण रूप में श्रंगारित बालक को टोकरी में बैठाकर शोभायात्रा के साथ रामदेव मंदिर से कथा पांडाल पहुंचे। जहां कथा पंडाल भगवान श्रीकृष्ण के जयकारों से गूंज उठा। महिलाएं मंगल गीत गाने लगी व श्रध्दालुओं ने एक-दूसरे को हल्दी लगाई। भगवान श्रीकृष्ण रूपी बालक ने अपने हाथों से मटकी फोड़ी पश्चात कथा प्रवक्ता पूज्या साध्वी महंत डॉ प्रज्ञा भारती ने श्रीकृष्ण रूपी बालक का दुलार कर पुजा-अर्चना करवाई। पश्चात अतिथियों का कथा प्रवक्ता व आयोजक नारायणसिंह पंवार अनारद ने स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मान किया। समापन पर महाआरती कर माखन-मिश्री बांटी गई। इस अवसर पर भाजपा इन्दौर जिलाध्यक्ष श्रवणसिंह चावड़ा, पाटीदार समाज प्रदेशाध्यक्ष कृष्णकांत पाटीदार,रमेश पटेल शेरगढ़,भाजपा उज्जैन जिला प्रभारी विनोद शर्मा,कमलसिंह पटेल कानवन, पूर्व राज्यमंत्री महेन्द्रसिंह चाचुबना पिपलीपाड़ा,मनोहरसिंह भिड़,मोहनलाल पटेल आहू,भाजपा धार जिला मीडिया प्रभारी संजय शर्मा, विकास शर्मा खरसोड़ा, धर्मेंद्र शर्मा,अनोखीलाल राठौड़,पप्पी बना,मनोहरलाल पाटीदार सहित बागली, इन्दौर, उज्जैन व आसपास के श्रध्दालु बड़ी संख्या में कथा श्रवण करने पहुंचे। आयोजक नारायणसिंह पंवार अनारद ने अभिवादन कर श्रध्दालुओं के प्रति आभार प्रकट किया। महाआरती व प्रसादी के लाभार्थी नारायणसिंह पंवार,अर्जुनसिंह पंवार अनारद दंपती रहे ।चित्र संलग्न25टीकेआर01तलाई पर भागवत के चौथे दिन मनाया श्रीकृष्ण जन्मोत्सव में बालरूपी श्रीकृष्ण का दुलार करते कथा प्रवक्ता पूज्या साध्वी महंत डॉ प्रज्ञा भारती ।



## राष्ट्रीय शिक्षा नीति का क्रियान्वयन हम शिक्षकों की जिम्मेदारी है : यादव

**बाकानेर**-राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू तो कर दी गई है लेकिन इसका सही क्रियान्वयन करना हम सब शिक्षकों की जिम्मेदारी है। वर्तमान में शिक्षक अपने दायित्वों का बखूबी निर्वहन कर रहा है ।

निजी स्कूलों से अधिक अच्छा परिणाम देने का काम भी सरकारी स्कूल कर रहे हैं, इसकी प्रशंसा प्रदेश के मुखिया डॉ .मोहन यादव एवं शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह जी भी कई कार्यक्रमों के दौरान कर चुके हैं। शिक्षा के अधिकार नियम के तहत सरकारी स्कूलों में आरटीई तहत 25 प्रतिशत विद्यार्थियों का प्रवेश नियम से सरकारी स्कूलों में विद्यार्थियों की संख्या लगातार कम होती जा रही है।

जिसका परिणाम यह हो रहा है कि प्रदेश के हजारों स्कूल बंद होने के कगार पर है। जो हम सब शिक्षकों के लिए चिंता का विषय है। यह बात राज्य शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष जगदीश यादव ने जैन धर्मशाला मांडू में आयोजित दो दिवसीय प्रांतीय बैठक एवं चिंतन शिविर के प्रथम दिवस कहीं।

यादव ने कहा कि शिक्षक लगातार स्कूलों में बेहतर शिक्षा देने का काम कर रहा है लेकिन ई अटेंडेंस जैसी व्यवस्था शिक्षकों पर थोपी जाना शिक्षकों के कर्तव्य पर प्रश्न चिन्ह लगाने जैसा है। उन्होंने कहा कि ई अटेंडेंस जैसी व्यवस्था आखिर शिक्षक समुदाय पर ही क्यों लागू की जा रही है यह व्यवस्था सभी अधिकारियों,कर्मचारियों पर भी लागू होना चाहिए। श्री यादव ने चिंतन शिविर में प्रदेश भर से शामिल हुए प्रदेश कार्यकारिणी पदाधिकारी, जिला एवं ब्लॉक पदाधिकारियो के बीच कहां की वर्तमान में शिक्षक संवर्ग कई समस्याओं से भी पीड़ित एवं परेशान है।

जिनका निराकरण शासन को करना चाहिए।

उन्होंने कहा कि नियुक्ति तिथि से वरिष्ठता का लाभ दिलाना, पुरानी पेंशन का लाभ दिलाना,मध्य प्रदेश में लंबे समय से रुकी हुई पदोन्नतियों के साथ मृत शिक्षकों के परिजनों को अनुकंपा नियुक्ति दिलाना राज्य शिक्षक संघ का मुख्य ध्येय है ।

श्री यादव ने कहा कि राज्य शिक्षक संघ राष्ट्र एवं समाज के प्रति समर्पित होकर स्कूलो में अध्यापन कार्य के साथ-साथ रचनात्मक कार्यों में भी लगातार अपनी सहभागिता करता है ।प्रदेश भर में स्कूलों एवं ग्रामों में पौधरोपण करना हम सबका मिशन है।

# गौशाला धाम सेवा समिति की ओर से 251 पौधे लगाए गए

**सरदारपुर ।** मुख्य अतिथि के रूप में तहसीलदार मुकेश बामनिया, नायब तहसीलदार मेंम, मेडिकल ऑफिसर डॉ संजय विशनोई प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बरमंडल ,पशुपालन विभाग धार से डिप्टी डायरेक्टर राकेश सिसोदिया , पशुपालन विभाग सरदारपुर से दिलीप गामड़ , मंडल अध्यक्ष मुकेश शर्मा वेद लक्ष्णा जिला गौ रक्षा संगठन के अध्यक्ष विजय पाटीदार, गौशाला समिति से अध्यक्ष गणपत गुजरिया सचिव शंकर लाल मारू कोषाध्यक्ष यशवंत दुबे उपाध्यक्ष खेमचंद पटेल संरक्षक रतनलाल पटेल गोकुल प्रसाद जायसवाल बाबूलाल चौधरी कैलाश चौधरी गोकुल प्रसाद जायसवाल एवं समस्त गौभक्तों एवं मां भवानी गौ सेवा महिला मंडल के द्वारा पौधारोपण कार्य किया। *गौशाला बरमंडल में प्रतिवर्षा अनुसार इस वर्ष भी 251 पौधे लगा दिये गये हैं।।




**एक नजर** कथा अवसर पर मन्दिर परिसर में प्रतिदिन लगाए जा रहे वृक्ष

# गीता चिन्तन व योग,भागवत वियोग का ग्रन्थ है, रामायण चरित्र बताती है :महंत भारती

**धार। पत्नी अच्छी मिलना पति की सबसे बड़ी संपत्ति है। पत्नी अच्छी मिल जाए तो जीवन स्वर्ग है,पत्नी बुरी हो तो पति का जीवन नर्क बन जाता है। पत्नी शब्द का अर्थ जो पति को पतन से बचा ले, अच्छी पत्नी घर को स्वर्ग बना सकती है। उक्त प्रेरक बात समीप ग्राम अनारद के श्री रामदेव मंदिर तलाई पर आयोजित सप्त दिवसीय संगीतमय भागवत कथा के दौरान कथा प्रवक्ता पूज्या साध्वी महंत डॉ प्रज्ञा भारती ( मांगरोला आश्रम नर्मदा किनारे जिला रायसेन ) वालो ने कहीं।**

उन्होंने कहा कि जिस घर में स्त्री का सम्मान नहीं होता है,वह घर नर्क और शमशान बन जाता है। भगवान वहीं रहते हैं जहां स्त्री का सम्मान होता है। मर्यादा स्त्री का सबसे बड़ा आभूषण है। महिलाएं व बालिकाएं अच्छे वस्त्र पहनकर घर से निकले। जिससे हमारी भारतीय संस्कृति सुरक्षित रहे। शस्त्र और शास्त्र साथ लेकर चले और लव-जिहादियो का अन्त करे। घरों में पतियो को पत्नियों की बात मानना चाहिए। घर में बेटी का जन्म हो तो निराश नहीं होना चाहिए। बेटी सौभाग्यशाली परिवार के घरो में जन्म लेती है। बेटियां एक नहीं दो कुलों का नाज होती है। रावण ने मन्दोदरी की बात मान ली होती तो रावण का विनाश नही होता। गीता,भागवत और रामायण तीन ग्रन्थ महत्वपूर्ण है। गीता चिन्तन और योग करते सिखाती है। भागवत वियोग का ग्रन्थ है। रामायण चरित्र बताती है। चरित्र का निर्माण करना है तो रामायण पढ़ते रहो। भागवत कथा के दौरान कथा प्रवक्ता महंत डॉ प्रज्ञा भारती व कथा आयोजक नारायणसिंह पंवार अनारद ने समाजसेवी व गौसेवको को स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया। कथा आयोजन के अवसर पर प्रतिदिन कथा वाचक व आयोजन समिति व्दारा एक वृक्ष श्री रामदेव मंदिर अनारद तलाई पर लगाया जा रहा है।





समापन पर महाआरती कर प्रसादी वितरण की जा रही है। महाआरती व प्रसादी के लाभार्थी सादलपुर भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष नारायणसिंह,अर्जुनसिंह पंवार दंपती रहे। इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता, जिला रोगी कल्याण समिति के सदस्य ज्ञानेंद्र त्रिपाठी,मुन्नालाल पटेल भाजपा मंडल अध्यक्ष सादलपुर,किसान मोर्चा धार जिला उपाध्यक्ष रतनलाल पाटीदार अमोदिया,राजेंद्र भावसार भेरूगढ़ उज्जैन अर्जुनसिंह कानवन,गोरेसिंह पलाड़ा, हकमसिंह पिंजराया आदि उपस्थित थे ।जानकारी आयोजन के मीडिया प्रभारी महेन्द्रसिंह चावड़ा टकरावदा ने दी।